दैनिक भास्कर

धामपुर में नकली ब्रश बनाने का भंडाफोड़:हजारों नकली ब्रश और खाली डब्बे बरामद, व्यापारियों में हड़कंप

धामपुर के शेरकोट में एक बड़े नकली ब्रश निर्माण रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। प्रसिद्ध ब्रांड गुलरेज ब्रश के मालिक मोहम्मद तैय्यब आजाद की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की।

मोहल्ला काजियान के निवासी तैय्यब ने बताया कि लंबे समय से उन्हें सूचना मिल रही थी कि बाजार में उनकी कंपनी के नाम से नकली ब्रश बेचे जा रहे हैं।

इस मामले में पीड़ित ने दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर बृहस्पतिवार को शेरकोट पुलिस ने मोहल्ला खुराड़ा स्थित न्यू ग्रीन इंडिया ब्रश फैक्टरी पर छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने गुलरेज ब्रश के नाम से बने हजारों खाली डब्बे और बड़ी संख्या में तैयार व अर्धनिर्मित नकली ब्रश बरामद किए।

Source: https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/bijnor/dhampur/news/fake-brush-making-racket-busted-in-dhampur-134472342.html